तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 5 अक्टूबर 2025

14 जिले में पहली बार हुई ओपन शतरंज चैम्पियनशिप, 200 ...

16 सुहेला में 51 भव्य दुर्गा स्वरूपों का विसर्जन...




### शिकायत : नेता प्रतिपक्ष ने तकनीकी अनियमितताओं का लगाया आरोप

# 19 लाख के पेवर ब्लॉक निर्माण पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका परिषद बलौदा बाजार में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर फिर से सवाल खड़े हो गए हैं। नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान ने जिलाधीश, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष को लिखित शिकायत कर वार्ड क्रमांक-17 मोक्षधाम के सामने लगभग 19 लाख रुपये की लागत से हो रहे पेवर ब्लॉक निर्माण में गंभीर अनियमितताओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है।

शिकायत के अनुसार निर्माण कार्य में तय मानकों की खुली अनदेखी की जा रही है। ब्लॉक बिछाने से पूर्व लेवलिंग के लिए बजरी का उपयोग होना था, किंतु ठेकेदार द्वारा उसके स्थान पर मिट्टी डाली गई और केवल ऊपर से नाम मात्र की बजरी बिछा दी गई है। इसके अतिरिक्त, ब्लॉकों को बराबर करने और सतह को मजबूत बनाने हेतु मशीन का उपयोग भी नहीं किया गया। इस लापरवाही के कारण बारिश का पानी रिसकर अंदर जाने से ब्लॉक धंसने की आशंका जताई गई है।




### समय रहते कार्रवाई की जरूरत

नेता प्रतिपक्ष ने अपनी शिकायत में मांग की है कि चूंकि यह कार्य वर्तमान में निर्माणाधीन है, अतः तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ठेकेदार को नोटिस जारी कर आवश्यक तकनीकी मानकों का पालन करने हेतु बाध्य किया जाए और आगे का कार्य संबंधित इंजीनियर की सघन निगरानी में कराया जाए।

### घटिया सामग्री का उपयोग

शिकायत में यह भी उल्लेख है कि निर्माण के दौरान साइड बीम के लिए 20 मि.मी. गिट्टी का कंक्रीट डाला जाना आवश्यक था, परंतु ठेकेदार द्वारा उसकी जगह शून्य एमएम बजरी का प्रयोग किया गया। यह कार्यप्रणाली तकनीकी मानकों के विपरीत है और भविष्य में पेवर ब्लॉकों के क्षतिग्रस्त होने की संभावना बढ़ा रही है। शेख सलमान ने उदाहरण स्वरूप पूर्व में नगर की मुख्य सड़क के दोनों ओर लगाए गए पेवर ब्लॉकों का हवाला दिया, जो घटिया गुणवत्ता और गलत तकनीक के कारण शीघ्र ही टूट-फूट का शिकार हो गए थे।



# हवाई अड्डे पर गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत



**खरोरा** | केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एक दिवसीय बस्तर दशहरा उत्सव मे सम्मिलित होने बस्तर प्रवास के रवानगी पर विवेकानंद हवाई अड्डा रायपुर मे जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने शाहजी का आत्मीय स्वागत करते हुऐ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा को बस्तर को नक्सल मुक्त करने के प्रयास पर आभार प्रेषित की |

# सूदखोरों को पुलिस संरक्षण पीड़ितों ने लगाया आरोप



**बलौदाबाजार ।** जिले में हनी ट्रैप प्रकरण के बाद अब सूदखोरी के नाम पर भयादोहन का जाल सुर्खियों में है। ब्लैंक चेक और स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर कराकर जरूरतमंदों को फँसाना, मनमाने ब्याज दरों पर वसूली करना और विरोध करने वालों को झूठे मुकदमों से डराना, यह संगठित अपराध का स्वरूप ले चुका है। हाल ही में पीड़ित हेमंत कनौजे द्वारा उजागर किए गए मामले ने पूरे जिले को झकझोर दिया है। दबाव बढ़ने पर पुलिस ने पिंकी सिन्हा और हेमलाल सिन्हा के विरुद्ध धारा 420, 506 और 34 के तहत अपराध दर्ज

- ब्लैंक चेक पर साइन, फिर डराकर वसूली का खेल


▶▶ शेष पेज 14 पर









## खबर संक्षेप



### सरस्वती सायकिल योजना से बदली छात्राओं की जिंदगी

**हथबंद** | छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती सायकल योजना ने कई छात्राओं की जिंदगी में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। इस योजना के तहत शासन द्वारा छात्राओं को मुफ्त साइकिलें वितरित की जा रही हैं ताकि वे स्कूल तक आसानी से पहुंच सकें। इसी कड़ी में आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दरचुरा, विकासखंड सिमगा में सरस्वती सायकल योजना के तहत 29 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। सरस्वती सायकल योजना का मुख्य उद्देश्य दूर-दराज से आने वाले छात्राओं की सुविधाओं और उनके शिक्षा में निरंतर को बढ़ावा देना है। आज यहां सरस्वती सायकल पाकर छात्राओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किए। सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत दरचुरा में अध्यनरत छात्राओं के जीवन में एक नई रोशनी भर दी है, जो उन्हें शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी। योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, बीपीएल कार्ड धारी छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित किया जाता है। छात्राओं ने कहा अब साइकिल मिलने से स्कूल आने-जाने में अधिक समय और ऊर्जा की बचत होगी, जिससे वह अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

### मरीज और उसके साथियों ने डॉक्टर से की मारपीट

**महासमुंद**। सरायपाली के जयस्तंभ चौक स्थित आयुष्मान दंत चिकित्सालय में डॉक्टर से मारपीट कर सामानों को तोड़फोड़ करने के मामले में थाने में शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, 2 अक्टूबर को शाम करीब 6:25 बजे डॉक्टर दिनेश अग्रवाल के क्लिनिक में भोथलडीह निवासी मरीज टंकधर प्रधान, तनय साहू एवं अन्य साथी के साथ आया। टंकधर प्रधान के मुंह, नाक और चेहरे में चोट लगी थी, उसका तीन दांत भी टुटा हुआ था। दिनेश उपचार कर रहा था उस दौरान मरीज ने उल्टी कर दी। दिनेश ने उस समय मरीज की दशा की गंभीरता को देखते हुए उसे शासकीय अस्पताल सरायपाली में आपातकालीन में जाकर अपना उपचार कराने का सुझाव दिया। जिसके बाद मरीज और उनके अन्य साथीयों ने दिनेश को गाली गलौज कर मारपीट की और दिनेश के चेहरे पर पहने हुए चश्मे को चेहरे पर ही तोड दिया।

पेज 13 का शेष

### सूदखोरो को पुलिस...

किया, किंतु अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई। आरोपी खुलेआम सोशल मीडिया के माध्यम से पत्रकारों को बदनाम कर रहे हैं। इस लापरवाही ने पुलिस पर संरक्षण देने के आरोपों को और प्रबल कर दिया है।

आरोपियों के परिवारजन के बैंक और ऑनलाइन लेन-देन के दस्तावेज बड़े रसूखदारों से संबंधों का संकेत देते हैं। यदि जांच गहराई तक जाए तो कई और नाम सामने आ सकते हैं। चिंताजनक पहलू यह भी है कि अपराधियों ने पत्रकारों को खरीदने का प्रयास किया, असफल रहने पर उनके खिलाफ दुष्प्रचार किया। कानूनी दृष्टि से मामला और पेचीदा हो गया है। एफआईआर भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (गैर जमानती, 7 साल की सजा) के तहत दर्ज हुई थी। लेकिन भारतीय न्याय संहिता 2023 लागू होने के बाद यह धारा 318 से प्रतिस्थापित हो चुकी है। पुलिस नए प्रावधान का हवाला देकर गिरफ्तारी से बच रही है। रायपुर रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने कहा कि 7 साल की सजा वाले अपराधों में पुलिस के पास विवेकाधिकार है कि गिरफ्तार करें या न करें।

**कानून का नजरिया:** हालांकि वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि जब केस पुरानी संहिता की धारा 420 के तहत दर्ज हुआ है, तब यह संज्ञेय एवं गैरजमानती अपराध है और पुलिस की यह जिम्मेदारी है कि शीघ्र गिरफ्तारी करे। गिरफ्तारी न करना कानून के विपरीत है और इससे पुलिस खुद संदेह के घेरे में आ चुकी है।

# बढ़ती उमस से खरीफ फसलों में रोग एवं कीट लगने की बढ़ी आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

जिले में लगातार हो रही बारिश से किसानों में अच्छे फसल की आस बनी है। वही वर्त्तमान में हो रही अधिक वर्षा वातावरण में नमी को बढाती है एवं बारिश के बाद तेज धूप से उमस की स्थिति बनती है। उमस के कारण धान की फसल में कीट और रोग लगने की संभावनाएं बढ़ रही है। अधिक नमी और मध्यम तापमान कीटों और रोग कारक फफूंदों के फैलाव के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाते हैं।

ऐसे में रोग एवं कीटों का हमला किसानों की चिंता बढ़ा सकती है। सामन्यतः इस स्थिति में धान की फसलों में भूरा माहू, पेनिकल माइट और गंधी बग जैसे कीट देखने को मिलते है तथा इसके अलावा धान की फसल पर मुख्य रूप से शीथ ब्लाइट (चरपा) जैसे रोग लगने की संभावना बनती है। श्री आशुतोष श्रीवास्तव, उप संचालक कृषि सारंगढ़ ने किसान बंधुओ को इस विषम परिस्थिति में अपने धान की फसल को इन कीट एवं रोग से बचाव के लिए आवश्यक सुझाव साझा किया है। शीथ ब्लाइट (चरपा) :- यह रोग धान में कंसे निकलने की अवस्था से गभोट की अवस्था तक देखा जा सकता है। रोग प्रकोपित खेत में पानी की सतह से आरम्भ होकर पर्णच्छद पर ऊपर की ओर फैलता है और अंततः पौधा रोगग्रस्त होकर झुलस जाता है। रोग लक्षण पर्णच्छद व पत्तियों पर दिखाई देते हैं। पर्णच्छद पर 2-3 से.मी. लम्बे, 0.5 से.मी. चौड़े भूरे से बदरंगे धब्बे बनते हैं। प्रारंभ में धब्बे का रंग हरा-मटमैला या ताम्र रंग का होता है।

### कृषि विभाग ने सुझाये बचाव के उपाय



### मुख्य कीट एवं बचाव के उपाय

भूरा माहू: गभोट एवं बाली की अवस्था में यह कीट धान की फसल में दिखाई देते है। यह पौधों से पोषक रस चूस कर पौधों को कमजोर कर देता है। इस कीट के अधिक प्रकोप से उत्पादन की कमी देखने को मिलती है। इस कीट से फसल को बचाव हेतु ब्युपरोफेजीन 25 प्रतिशत एस.सी. 800 मि.ली. / हेक्टेयर का प्रयोग करें। इसके अलावा आवश्यकता अनुसार पाइमट्रोजिन 50 डब्ल्यू.जी. 300 ग्राम या ट्राईफ्लूमिथोपाइरम 10 प्रतिशत एस.सी. 235 मि.ली./हे. का छिड़काव करें। धान के खेत में 2 दिन पानी भरकर पानी निकासी 2 से 3 अंतराल पर करने में कीटो की बढ़वार को कम कर सकते है, पेनिकल माइट (लाल मकड़ी): धान में बाली निकलने से लेकर मिल्किंग अवस्था में रस चूसता है। इसके प्रकोप से बालियों में दाने नही बनते है। इथियोन 50% ईजी 400-500 मि.ली.प्रति एकड़ या इमामेक्टिन बेंजोएट 80-100 ग्राम प्रति एकड़ दवा का छिडकाव पेनिकल माइट के नियंत्रण में कारगार है, गंधी बग:- यह कीट धान की बालियों में दूध भरते समय बालियों से रस चूस लेता है। जिससे दाने काले पड़ जाते है। इस कीट से फसल को बचाव हेतु कीटनाशी दवा - इमिडाक्लोपिरिड 6 प्रतिशत + लैम्डासाइहेलोथ्रिन 4 प्रतिशत (एस.एल.) 300 मि.ली.प्रति हेक्टेयर का उपयोग करें।

## आयोजन : जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

# जिले में पहली बार हुई ओपन शतरंज चैम्पियनशिप, 200 प्रतिभागी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





रजत जयंती महोत्सव एवं यातायात, नशामुक्ति व साइबर जागरूकता अभियान के तहत जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में पहली बार ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को इंडोर स्टेडियम बलौदाबाजार में किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, डीएफओ, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर ओपन चेस चैम्पियनशिप का शुभारम्भ किया। इस चेस चैम्पियनशिप में लगभग 200 प्रतिभागी शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने प्रतिभागियों को भावी चैम्पियन बनने की बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल ने कहा कि जिले में ओपन चेस के आयोजन प्रशासन की अच्छी पहल है। पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात जागरूकता के साथ ही साइबर जागरूकता आदि कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते है। इस तरह के आयोजन से युवाओं में जागरूक बढ़ती है। कलेक्टर ने कहा कि ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन जिले के लिए ऐतिहासिक है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि समय -समय पर इस तरह के आयोजन हो जिससे जनता एवं युवाओ को प्रशासन से जुड़ने का अवसर मिल सके। जिले में अन्य आयोजन के लिए कार्ययोजना बना ली गई है जो विभिन्न विभागों के सहयोग से किया जाएगा। शासन की मंशानुसार सामूहिक सहभागिता से जिले में विकास को आगे बढ़ाना है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पहली बार जिले में ओपन शतरंज चैम्पियनशिप क्रा आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही जिला शतरंज संघ का गठन भी हो रहा है जो जिले के लिए मील का पत्थर साबित होग़ा। उन्होने कहा कि शतरंज एक ऐसा खेल है जिसमें खिलाडी जीतता है या सीखता है। यह हमारे मेन्टल को फोकस करता है और जीवन को दिशा देता है। इस खेल में किसी भी उम्र के व्यक्ति हिस्सा ले सकता है। जिले के खिलाडी बढ़ चढ़कर भाग लेंगे और इस खेल में परचम लहराएंगे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, डीएफओ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, राज्य चैस एसोसियशन के सचिव हेमंत खूंटे, रैफरी रॉकी देवांगन सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में खिलाडी उपस्थित थे।

# प्रदेश सरकार मुनाफाखोरी में मस्त, जनता त्रस्तः सुनील कुर्रे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि व बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर मुनाफाखोरी वाली नीति के कारण महंगी बिजली बिल खरीदने मजबूर जिससे जनता के ऊपर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। जिसको संज्ञान में लेते हुए जनहित में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान पर जिलाध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे व कसडोल विधायक संदीप साहू के मार्गदर्शन एवं सुनील कुर्रे अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी के नेतृत्व में विद्युत कार्यालय घेराव व तालाबंदी कर, प्रदेश सरकार हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा समाप्त कर बेतहाशा मूल्य वृद्धि भाजपा सरकार की प्रायोजित लूट है बढ़े हुए बिजली बिल मुनाफाखोरी मानसिकता होने का ठोस प्रमाण है।

कांग्रेस सरकार की बिजली बिल हाफ योजना का लाभ सीधा 54 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था जिसे अब भाजपा सरकार काट दिया है जिसके कारण आम नागरिकों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इस जन विरोधी नीति के विरोध में विद्युत कार्यालय पलारी ब्लाक मुख्यालय का घेराव किया गया जहां सैकड़ों कार्यकर्ता आमजन महिलाए शामिल हुए। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी के अध्यक्ष सुनील कुर्रे, जिलाध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे पूर्व जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, रवि बंजारे ज़िप सदस्य, नपं अध्यक्ष पलारी गोपी साहू, नप अध्यक्ष रोहांसी नंदेश्वर साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष खिलेंन्द्र वर्मा, पर्वत वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता के उपस्थित थे।

# चांदन में विद्युत कार्यालय का किया गया घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि व बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर मुनाफाखोरी वाली नीति के कारण मंहगी बिजली बिल खरीदने मजबूर जिससे जनता के ऊपर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। जिसको संज्ञान में लेते हुए जनहित में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज आह्वान में जिला कांग्रेस कमेटी बलौदा बाजार भाटापारा के अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे निर्देश पर बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे के मार्गदर्शन एवं युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के नेतृत्व में विद्युत कार्यालय घेराव कर, प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीति के विरोध में बिजली ऑफिस कार्यालय चांदन का घेराव किया गया जहां सैकड़ों कार्यकर्ता आमजन माता बहन शामिल रह कर कार्यक्रम को सफल बनाए है।

### ये रहे शामिल

इस कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक के साथ, मिथलेश डडसेना, जान मोहम्मद खान, धनीराम नाग, हेमलाल पटेल, नंदकुमार डडसेना, राम डडसेना, चंद्रशेखर नायक, जीवर्धन पटेल, आसिफ खान, राम कुमार नायक, महेंद पटेल, बिजेंद्र पालेश्वर, इतवारी साहू, अनिल यादव, गोपी साहू, शुशील साहू, मंगलू राम, प्रमोद साहू, गजेंद्र ठाकुर, दिगेश यादव, भूपेश दीवान, प्यारी डडसेना, किशोर साहू, टेकराम डडसेना, गोविंद निर्मलकर, हृदय डडसेना, खिलेश्वर यादव, टीकम ठाकुर, गौतम पटेल, जीवन लाल, मेघनाथ, रामचरण डडसेना, पुनी राम साहू, संतोष पटेल, नंदकुमार पटेल, छत राम, विनोद मुखर्जी, नागेश्वर नायक, केशव, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता, वरिष्ठ गण, आमजन, माता बहन शामिल रह कर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान की है।

# साहू संघ चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला, 716 मतदाता अध्यक्ष चुनेंगे आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया



तहसील साहू संघ पलारी के अध्यक्ष पद को लेकर समाज में जबरदस्त उत्साह और जोश का माहौल है। इस बार का चुनाव बेहद दिलचस्प होने जा रहा है जिसमें अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार धन्नू साहू, वीरेंद्र साहू और जगदीश साहू मैदान में हैं। तीनों ने अपने नामांकन दाखिल कर चुनावी रण में उतरने की औपचारिक घोषणा कर दी है।

निर्वाचन प्रक्रिया के तहत मतदान आज सुबह 9 बजे से शुरू होगा, जिसमें दतान, रोहांसी, भवानीपुर और नगर पलारी क्षेत्र के कुल 716 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। समाज के सदस्य उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं कि अगला तहसील अध्यक्ष कौन होगा जो संगठन को नई दिशा देगा।

उपाध्यक्ष पद के लिए प्रेमलाल साहू और प्रीतम साहू के बीच सीधा मुकाबला रहेगा, जबकि महिला उपाध्यक्ष पद पर शकुंतला साहू, गीता साहू और डोलेश साहू अपनी दावेदारी पेश कर चुकी हैं। वहीं संगठन सचिव पुरुष पद पर बेदराम साहू, मनोज साहू, रामगोपाल साहू, दुलेचंद साहू और विजय कुमार साहू का नाम शामिल है। महिला संगठन सचिव पद के लिए केवरा साहू, कुंती साहू, संगीता साहू और नुतेश्वरी साहू ने नामांकन दाखिल किया है।

**नए युवा नेतृत्व को चुनने सामाजिक जनों में उत्साह:** समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और महिलाओं में इस चुनाव को लेकर जबरदस्त उत्सुकता है। हर वर्ग यह देखने को बेताब है कि पलारी तहसील साहू संघ का नेतृत्व इस बार किसके हाथों में जाएगा। कुल मिलाकर, आज का दिन समाज के लिए ऐतिहासिक साबित होने जा रहा है।

### अन्य पदों पर भी रोचक मुकाबला

समाज के विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों की सूची को देखकर यह कहा जा रहा है कि इस बार टीम मजबूत और संतुलित होगी, जिसमें वरिष्ठ और युवा दोनों वर्गों का प्रतिनिधित्व रहेगा। समाज के भीतर नई पीढ़ी के नेतृत्व की चाह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। मतदाता अब ऐसे नेतृत्व की तलाश में हैं जो समाज के उत्थान, संगठन की एकजुटता और युवाओं की भागीदारी को प्राथमिकता दे। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान की पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक और पारदर्शी ढंग से संपन्न होगी। मतदान स्थल पर सुरक्षा और व्यवस्था के विशेष प्रबंध किए गए हैं ताकि चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

### खैराभाठा व पिटियाझर में दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

**महासमुंद**। गायत्री शक्तिपीठ मंदिर सितली नाला खैराभाठा समेत खैरा बस्ती में विराजित माँ दुर्गा प्रतिमा को खैरा तालाब में विसर्जित की गईं। जसगीत के बीच बुधवार को दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हुआ। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। गाजे-बाजे के साथ रंग-गुलाल उड़ाते श्रद्धालुओं ने प्रतिमाओं के साथ गांवों का भ्रमण किया। विसर्जन में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया।

# नशा मुक्ति और संगठन विस्तार पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला





गायत्री शक्तिपीठ सुहेला में रविवार को विकासखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा समाज में जागरूकता लाने संबंधी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक की शुरुआत गायत्री मंत्र के सामूहिक उच्चारण से की गई, जिससे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।

बैठक में विशेष रूप से नशा मुक्ति अभियान पर बल दिया गया। वक्ताओं ने युवाओं को जागरूक करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। हर घर यज्ञ, यज्ञ से घर की भावना के तहत घर-घर दीप प्रज्वलन, यज्ञ आयोजन और नियमित गायत्री मंत्र जप को जन-जन तक पहुँचाने की अपील की गई। इस अवसर पर क्षेत्र के 35 ग्रामों से आए पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की। संगठन के जिन क्षेत्रों में गतिविधियां धीमी या निष्क्रिय हो गई हैं, उन्हें पुनः सक्रिय करने हेतु चुनावी प्रक्रिया और संगठन विस्तार की रणनीतियों पर विस्तार से विमर्श किया गया।

बैठक में आसपास के विभिन्न शक्तिपीठों से बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चों ने भाग लिया और संगठनात्मक चर्चाओं में सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम का समापन सामूहिक 'शांति पाठ' के साथ किया गया, जिसमें सभी उपस्थित जनों ने विश्व शांति, सामाजिक सद्भाव और जनकल्याण की कामना की। इस दौरान उप जोन रायपुर के संगठन प्रभारी मनहरन लाल साहू ने बताया कि सभी कार्यकर्ता मिलकर माताजी का जन्म शताब्दी वर्ष मनाएंगे। इसके पूर्व घर-घर पहुँचने, लोगों में संगठन के कार्यों के प्रति जागरूकता जगाने और विविध संस्कारों के माध्यम से नशा मुक्त समाज निर्माण का संकल्प लिया गया है।

# अशोक बाजपेयी मयूर क्लब के पुनः बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा











स्थानीय मयूर क्लब समिति का वार्षिक सभा बैठक आयेजित की गई जिसमें सत्र 2025-26 हेतु नवीन पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से गत वर्ष के पदाधिकारी अशोक बाजपेयी को अध्यक्ष व रविन्द्र जैन को उपाध्यक्ष, विजय मल कोषाध्यक्ष तथा श्रवण कुमार अग्रवाल को सचिव, अमरनाथ गुप्ता को सहसचिव पद तथा कार्यकारिणी में शिवरतन शर्मा, जे.पी. दीक्षित, अनिल भृगु व उमाकांत जायवसवाल के कार्यकाल को पुनः एक वर्ष के लिए वृद्धि करते हुए सहमति दी।

उक्त संबंध में सचिव श्रवण कुमार अग्रवाल ने बताया कि बैठक में उपस्थित वरिष्ट सदस्य जे.पी.दीक्षित, श्रवण कुमार अग्रवाल, विजय कुमार मल, अनिल भृगु, रविन्द्र जैन, आर. के अग्रवाल, अशोक बाजपयी, अमरनाथ गुप्ता, शिवकुमार ईदवानी, उमाकांत जायसवाल व अन्य सदस्यों की उपस्थिति में निर्वाचन संपन्न हुआ। सभी उपस्थित सदस्यों ने पूर्व पदाधिकारीयों पर विश्वास जताते हुए उनके कार्यकाल की प्रशंसा की व बधाई देते हुए मयूर क्लब द्वारा संचालित समाजसेवी, शिक्षण संस्थाओं का संचालन व अन्य जनहितकारी कार्यक्रमों के संचालन में पूर्ववत सहयोग प्रदान करने व उनके कार्यक्षेत्र को विस्तार देने हेतु हरसंभव मदद देने की बात कही।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


एक ही छत के नीचे सम्पूर्ण श्रृंखला
आपकी तरक्की में हाथ..'अरुण' के कृषि यंत्रों का साथ
अरुण ट्रेड कम्बाइन्स - कृषि उपकरणों की निर्माण में अग्रणी. हम बनाते हैं कृषि उपकरणों की वृहद श्रृंखला. अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण सर्वाधिक उपयोग में आने वाले उपकरण, जो बनते हैं बेस्ट पार्ट्स व कॉम्पोनेंट्स से.
अशोका सुपर डीलक्स थ्रेशर
शासन द्वारा अनुदान उपलब्ध
एलिवेटर मॉडल भी उपलब्ध
मजबूती का हाथ.. किसानों के साथ
• 5 फैन मॉडल
• 6 फैन मॉडल
• 7 फैन मॉडल
✦ आसान फाइनेंस की सुविधा
✦ बिक्री पश्चात सेवा सुविधा
ट्रेक्टर लोडर
ट्रेक्टर कम्प्रेशर
कॉन्क्रीट मिक्सर
ट्रेक्टर ट्रेलर
कुट्टी मशीन
ट्रेक्टर हार्वेस्टर कंबाइन
ट्रेक्टर लोडर
ट्रेक्टर हॉलर मिल
ट्रेक्टर क्रेन
ट्रेक्टर पोल इरेक्टर
मिनी ट्रेक्टर विथ लोडर
ट्रेक्टर कुट्टी मशीन
रीपर
ट्रेक्टर ज़ायरोवेटर
वाटर टैंकर
ट्रेक्टर ट्रेंचर
हाइड्रॉलिक ग्रेडर
लेवलर
अरुण ट्रेड कम्बाईन
माना रोड, देवपुरी, रायपुर (छ.ग.) मोबाइल - 95168 55103
बलौदाबाजार - 9826611773 • भाटापारा - 9589898921
नयापारा - 9926148053 • अभनपुर- 7389886184
sumitadvertisers

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
03 अक्टूबर 2025 SHOW TIME
कांतारा-2
शो समय -12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
सन्नी संस्कारी की तुलसी कुमारी
शो समय - 03:00, 06:00, 9:00 PM
गुरू बालकदास
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप



### अधिकारियों की उपस्थिति में हुई ग्राम सभा

**बलौदाबाजार** | कलेक्टर के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर से शुरू हुए विशेष ग्रामसभा में अधिकारियों की उपस्थिति में निर्धारित एजेंडा पर चर्चा एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को बलौदाबाजार विकासखंड के को ग्राम पंचायत शुक्लाभाठा की ग्रामसभा में एसडीएम, उप संचालक पंचायत, सरपंच अजय गर्ग की उपस्थिति में ग्रामसभा की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत के सभी पदाधिकारी और ग्राम के लगभग 65 लोगों की उपस्थिति में सभी विषयों पर चर्चा की गई। इसी तरह अन्य पंचायतों में भी जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी ग्रामसभा में उपस्थित हो रहे हैं।

### योग कार्यशाला आज

**पलारी**। रविवार 5 अक्टूबर को नगर पलारी के गायत्री मंदिर परिसर में महिला पतंजलि योग समिति द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसमे स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग का महत्व, ध्यान, आयुर्वेद, वेद, उपनिषद, दर्शन सहित राष्ट्र निर्माण में महिला शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने पर व्याख्यान होगा।

### जीएसटी सुधार से किसानों के आय में होगी वृद्धि : रमेश

**खरोरा** | भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ रायपुर ग्रामीण के मीडिया प्रभारी रमेश शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों से जुड़ी हुई मशीन, खाद ,कीटनाशक एवं आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स घटने से किसानों की लागत में कमी आई है, और आय में वृद्धि होगी ।इसी प्रकार किसानों को ट्रैक्टर की खरीदी में काफी बचत होगी, पूर्व की सरकारें किसानों की चिंता नहीं करती थी।



जबकि मोदी सरकार लगातार किसानों के आमदनी दोगुनी करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत है केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किए गए जीएसटी सुधार से प्रदेश सहित देश भर के किसानों और आम जनों को बड़ी राहत एवं किसानी करने में सुविधा होगी। पीएम सम्मान निधि , फसल बीमा योजना व कृषि सिंचाई योजना से किसानों को सुरक्षा और सुविधा मिली है, जीएसटी सुधार से डेयरी उत्पादों व रोजमर्रा की वस्तुओं पर भी दर घटाई गई है जिससे आम परिवारों को सीधी राहत मिली है।

## दशहरा उत्सव : रामलीला मंचन के बाद भव्य आतिशबाजी, हजारों की भीड़ ने किया उत्सव का आनंद

# 61 फीट के रावण पुतले का दहन कर किया राम का यशगान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

- मानसून की वापसी के बावजूद नहीं डगमगाया जनसैलाब

खरोरा के तिल्दा रोड स्थित खेल मैदान मे आयोजित विशाल दशहरा उत्सव मे जहां विशाल दर्शकों के हुजूम के बीच रामलीला मंचन उपरांत 61 फीट रावण के पुतले का दहन किया गया । कटक उड़ीसा के कारीगरों के द्वारा भव्य आतिशबाजी के बीच उपस्थित हजारो लोगों के जय श्री राम के जयकारे ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस कार्यक्रम मे विधायक अनुज शर्मा व जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, खनिज विकास निगम पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनिता सोनी व पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी उपस्थित रहे । तेजी से बिगड रहे मौसम के मिज़ाज के बीच दशहरा उत्सव मे शामिल भारी संख्या में उपस्थित दर्शकों के उत्साह कमी नहीं आयी तथा बिगड़ते मौसम की परवाह नहीं करते हुए रामलीला मंचन का भरपूर आनंद लिये कार्यक्रम के शुरुआत होने के साथ कार्यक्रम स्थल दर्शकों से खचाखच भर गया 61 फीट रावण के पुतले का दहन के कार्यक्रम शानदार व व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ ।





### नेताओं की मौजूदगी और प्रेरणादायक संबोधन

इस दौरान उपस्थित जन समूह को विधायक अनुज शर्मा ने संबोधित किया वही रायपुर जिला पंचायत के युवा अध्यक्ष नवीन उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते युवा प्रयास मंच व स्टार क्रिकेट क्लब के सदस्यों की जमकर कर तारीफ करते सफल आयोजन बधाई दी और कहा प्रभु राम की हर लीला को आत्मसात करने की कोशिश करनी चाहिए, सत्य परेशान हो सकता है मगर पराजित नहीं असत्य पर सत्य के विजय के प्रतीक के रूप में विजयादशमी मनाया जाता है। खरोरा नगर सहित आसपास के ग्रामो से भारी तदात में आये दर्शक इस ऐतिहासिक व आकर्षक रावण दहन महोत्सव का साक्षी बने उड़ीसा से आये कलाकारों द्वारा आतिशबाजी का खुबसूरत व नयनाभिराम नजारा प्रस्तुत किया गया जिसका दर्शकों ने काफी आनंद लिया।

## भरी बरसात में दशहरे पर छलका उत्साह

**भटगांव** । नगर पंचायत भटगांव मे 3 अक्टूबर को भव्य दशहरा उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जहाँ इस वर्ष 2025 दशहरा का कार्यक्रम का आयोजन भटगांव पत्रकार संघ के नेतृत्व मे भव्य तरीके से किया गया ।

वहीं राम जी की झांकी डीजे बाजे गाजे के साथ, मनमोहक लाइट और इवेंट व आतिशबाजी के करते हुए श्री राम मंदिर से शाम 6 बजे निकली जो नगर का भ्रमण करते हुए 7 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचे और श्री राम व उसकी सेना और रावण व उसकी सेना के साथ युद्ध हुआ तत्पश्चात दहन का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया ।

रावण दहन वध के पश्चात माता सीता द्वारा श्रीराम का तिलक कर स्वागत किया गया और मुख्य अतिथि विक्रम कुर्रे, विशिष्ट अतिथि प्रदीप देवांगन, पार्षदगण व अन्य अतिथि के द्वारा पुष्प माला पहनाकर, तिलक लगाकर पूजा अर्चना के साथ श्री राम प्रभु, लक्ष्मण भैया, माता सीता, पवन सूत हनुमान जी का भव्य स्वागत किया गया। वहीं रावण दहन के पश्चात रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक राहुल डडसेना गायक, गीतकार, संगीतकार व उनके टीम द्वारा उनके गीत बेनी म गांथ ले, ये दद्दा रे, सरई फिल्म इत्यादि गीत पर शानदार प्रस्तुति की गई जो दर्शकों का मन मोह लिया। गायक नवधा पटेल एवं शशि द्वारा भी लोकगीत पर भव्य प्रस्तुति की गई ।





### प्रस्तुतियों ने मोहा मन

रात्रि 9 बजे से हिमांशु यादव बॉलीवुड अभिनेता, अभिनेत्री अमृता कुशवाहा, रूपा चौधरी एवं उनके टीम द्वारा सोनमछरी, बस्तरिहा गाना, बारामासी, सोनमछरी, मोला रही रही के मारे इत्यादि मे मनमोहक लाइव प्रस्तुति किया गया जो सभी दर्शकों का मन मोह लिया । कार्यक्रम के पश्चात यादगार पल बनाने के लिए सभी कलाकारों ने अतिथियों, समिति के सदस्यों एवं आम दर्शकों के साथ सेल्फी लेकर फोटो भी खिचाये । वहीं मौसम की खराबी के कारण गरिमा दीवाकर व स्वर्णा दीवाकर स्टार नाइट कार्यक्रम कार्यक्रम को स्थगित किया गया जिसका कार्यक्रम अब समय निर्धारित होने पर किया जायेगा ।

### इनका रहा सहयोग

वहीं मौसम खराबी व बरसात होने के बौजूद कार्यक्रम को रोचक, सुव्यवस्थित व शांत तरीके से सफल आयोजन के लिए भटगांव पत्रकार दशहरा उत्सव समिति, नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, नगर पंचायत कर्मचारियों, बी पी जोन, सर्व सेवा मित्र मंडल, साईं सेवा समिति, गायत्री परिवार, प्रज्ञा इंस्टीट्यूट, प्रज्ञा सेवा संस्थान, भटगांव जन कल्याण समिति, व्यापारीगण सभी निजी और शासकीय स्कूल, समस्त शासकीय विभाग एवं समस्त नगरवासियों का भरपूर सहयोग रहा ।

## धमनी में हर्षोल्लास के साथ मनाया दशहरा



**पलारी**। शुक्रवार को विकासखंड पलारी अंतर्गत महानदी के किनारे वन आच्छादित गांव धमनी में शिक्षक और छात्र छात्राओं के समावेश से श्री रामलीला रावण दरबार का शानदार मंचन किया गया रावण दहन के पूर्व 7वी कक्षा के विद्यार्थी विनय यादव श्री राम की मर्यादित भूमिका निभाई, कक्षा 8 वीं कक्षा मंयक यादव ओजस्वी लक्ष्मण की भूमिका में थे,द्वारिका निषाद ने रावण रोल में हुंकार भर रहे थे, 10 वी कक्षा संजय पैकरा अंगद का रोल अदा किया, 9वीं कक्षा युगेशवर कन्नौजे विभीषण बने, प्रमोद निर्मलकर जामवंत के किरदार में थे, शिक्षक लेखराम विदूषक बने, राक्षस सेना में 5वी कक्षा के हिमाशुं, दिपाशुं, नंदु, आदि ने शानदार अभिनय किया।

वहीं रामलीला के संगीत में ताल भरने वाद्ययंत्र पक्ष से पीला राम निर्मलकर (निर्देशक) हार्मोनियम कार्तिक पैकरा, तबला वादक सरोज दीवान, गोपाल साहू ग्राम बैगा, भरतलाल कंवर लीला संचालन, मेकअप मेन शत्रुहन पैकरा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर मिडिल स्कूल की छात्राओं द्वारा नृत्य कला में सबका ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जनपद चंद्र कुमार पैकरा, सरपंच हरदयाल पैकरा, सचिव दीनदयाल कनौजे, पंचगण, महिला कमांडो दल, अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति धमनी रामनारायण यादव सहित टीम सराहनीय योगदान दिया।



### राम के वेशभूषा में बालक, लोगों ने पैर छूकर लिया आशीर्वाद

**पलारी**। पलारी के दशहरा मैदान पर रामलीला कार्यक्रम का आयोजन के दौरान नन्हा बालक प्रभु राम के समान लट्टू बनाये, तीर कमान धारी, भगवा वस्त्र धारण किये श्रीराम के वेशभूषा में कार्यक्रम स्थल पर सहसा पहुंचा जिसे लोग कौतूहल से देख रहे थे । जो कार्यक्रम में आकर्षक का केंद्र रहा तथा कुछ लोग तो नन्हे बालक को भगवान राम का रूप मानकर पैर छूकर आशीर्वाद भी ले रहे थे।

## नई नियुक्ति से हिंदू जागरण मंच को मिलेगी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

हिन्दू जागरण मंच द्वारा संगठन को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। जिला संयोजक थानेश्वर वर्मा ने प्रांत संयोजक अवधेश दुबे की सहमति एवं प्रांत संगठक राजेश भार्गव की अनुशंसा पर पंकज वर्मा (कोकड़ी) को खंड संयोजक तथा सागर वर्मा (रिसदा) को युवा आयाम का दायित्व सौंपा है।जिला संयोजक वर्मा ने कहा कि इन नियुक्तियों से संगठन को नई ऊर्जा और कार्यों में गति मिलेगी। नियुक्ति पर पारस ताम्रकार, संतोष चावला, अखिलेश्वरी शुक्ला, कौशल्या वर्मा, सुशील सराफ, अमित वर्मा, भुनेश्वर वर्मा जामवंत वर्मा, बीरेंद्र वर्मा, शिशिर त्रिवेदी, केश कुमार जायसवाल आरती सराफ, रीटा केशरवानी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। पंकज वर्मा ने कहा कि वे शीघ्र ही कार्यकारिणी का विस्तार कर संगठन को और मजबूत बनाएंगे।





## सुहेला में 51 भव्य दुर्गा स्वरूपों का विसर्जन...



**सुहेला** | ग्राम सुहेला में इस वर्ष शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर 51 भव्य दुर्गा प्रतिमाओं का आयोजन किया गया, जिनका आज गाजे-बाजे, मांदर, झांझ मजीरे की धुन और भव्य झांकियों के साथ विधिवत विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा के दौरान गांव की गलियों में उत्सव का वातावरण देखने को मिला। हर प्रतिमा के साथ निकली झांकियां और सेवा संगठनों द्वारा किए गए आयोजन ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्रामीण जन उत्साहपूर्वक अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर धूपबत्ती, दीप जलाकर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की और मां का आशीर्वाद लिया। समारोह के दौरान महिलाओं, बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन शामिल हुए। संपूर्ण ग्राम देवीमय वातावरण से ओतप्रोत रहा।

## केशला में उत्सव के साथ हुआ माता का विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ग्रामीण क्षेत्र केशला में नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की पूजा अर्चना का आयोजन किया गया था। नौ दिनों तक मां दुर्गा की सेवा करने के बाद, आज दुर्गा समितियों द्वारा माता रानी की जयकारा लगाते हुए गांव के पूरे गलियों की भ्रमण की गई। इस दौरान बाजे-गाजे और मांदर की थाप के साथ कर्मा नाच भी किया गया। आज सुबह से लेकर रात 11 बजे तक, माँ दुर्गा की विसर्जन यात्रा निकाली गई। इस दौरान चौक-चौराहों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए तालाब ले जाया गया।

विसर्जन यात्रा में शामिल लोगों ने माता रानी की जयकारा लगाते हुए और बाजे-गाजे के साथ नाचते-गाते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचे। इस आयोजन ने ग्रामीण क्षेत्र को संस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित किया।

मां दुर्गा को पूजा-अर्चना और विसर्जन यात्रा ने ग्रामीण क्षेत्र की एकता और समृद्धि को दर्शाया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने अपनी परंपराओं और संस्कृति को जीवंत बनाए रखा। विसर्जन के दौरान, लोगों ने माता रानी की जयकारा लगाते हुए और बाजे-गाजे के साथ नाचते-गाते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचे। इस दौरान लोगों ने अपनी खुशी और उत्साह को प्रदर्शित किया। विसर्जन के बाद समितियों द्वारा प्रसाद बांटी गई।

## खेतों में झूमती बालियों से चेहरे खिले

# धान के पौधों में फूटीं बालियां, वर्षा से बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

- कृषि विभाग ने की सतर्कता की अपील, दवाओं और जलनिकासी पर ज़ोर

धान की फसल में अब बालियां निकलने लगी हैं। खेतों में लहलहाती फसल और झूमती बालियां देखकर किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। अच्छी पैदावार की उम्मीद से किसान उत्साहित हैं। लेकिन इसी बीच असमय बारिश और फसल पर रोग फैलने का खतरा किसानों की चिंता भी बढ़ा रहा है।



खेती-किसानी से जुड़े जानकारों का कहना है कि बाली निकलने का समय धान की फसल के लिए सबसे अहम होता है। इस दौरान मौसम का जरा-सा बदलाव भी नुकसानदेह साबित हो सकता है। पिछले दिनों हुई असमय वर्षा के कारण कई खेतों में पानी भर गया है, जिससे पौधों में कीट और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। खासकर झुलसा और तना छेदक जैसे रोगों की आशंका बढ़ रही है।

### किसानों की उम्मीदें और चिंताएं

किसानों का कहना है कि यदि मौसम अनुकूल बना रहा तो फसल अच्छी होगी और उन्हें मेहनत का फल मिलेगा, लेकिन लगातार बारिश और रोग फैलने की स्थिति में भारी नुकसान भी हो सकता है। कृषि विभाग ने किसानों को समय-समय पर दवाइयों का छिड़काव करने और खेतों की निकासी व्यवस्था दुरुस्त रखने की सलाह दी है। फिलहाल खेतों में झूमती धान की बालियां किसानों के लिए उम्मीद की किरण बनी हुई हैं। सभी की निगाहें अब आने वाले मौसम और फसल की अंतिम स्थिति पर टिकी हैं।

Head Office Katghora, Korba (C.G.)





SPECIALIST IN
- RICE MILL
- FLOUR MILL,
- DAL MILL
- HATHU PLANT
- LAC PLANT
- FAFAR PLANT
- MILLET PLANT
- FLY ASH BRICKS PLANT
- NON HUMAN TOUCH AUTOMATIC READY TO EAT MACHINE

High Quality Plant Machinery Manufacturer
RICE MILL PLANT
FLY ASH BRICKS PLANT

VISHWAKARMA INDUSTRIES
AMBIKAPUR ROAD, KATGHORA, DISTT. - KORBA (C.G.) 495445
Email: vew_ktg@yahoo.com, Mo. 9893535551, 9977093574
Branch Office Raipur: 9893840391

online Booking:-www.tripuryatra.com





स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411